सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 61
19/01/2026

# राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर आयोजित महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री

**पटना, 19 जनवरी 2026 :–** राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विधान पार्षद श्री संजय सिंह के सरकारी आवास 22, स्ट्रैण्ड रोड पर महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में विधान पार्षद श्री संजय सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री श्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री संजय कुमार सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक श्री उमेश कुशवाहा, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, विधान पार्षद श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पूर्व मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

******